प्रेस विज्ञप्ति

स्वयं को स्कैमर्स से बचाएं

20 जनवरी, 2023

यदि अल्बर्टा वासियों को अफोर्डेबिलिटी पेमेंट्स के बारे में सरकार से होने का दावा करने वाला कोई टेक्स्ट-मैसेज प्राप्त होता है, तो उन्हें सावधानी बरतनी चाहिए।

अल्बर्टा की सरकार को अल्बर्टा वासियों को ठगने की कोशिश करने वाले टेक्स्ट मैसेज की रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं, जिनमें वरिष्ठ नागरिक और परिवार शामिल हैं जो लक्षित राहत भुगतान के पात्र हो सकते हैं। एक स्कैम टेक्स्ट में लोगों को स्वचालित बैंक भुगतानों के लिए पंजीकरण करने के लिए किसी लिंक पर क्लिक करने के लिए कहा जाता है।

अल्बर्टा की सरकार आपको कभी भी टेक्स्ट मैसेज नहीं भेजेगी या आपकी व्यक्तिगत जानकारी मांगने के लिए अवांछित कॉल नहीं करेगी।

"किसी भी परिस्थिति में अल्बर्टा की सरकार अफोर्डेबिलिटी कार्यक्रम के लिए जानकारी का अनुरोध करने वाले ईमेल या टेक्स्ट मैसेज नहीं भेजेगी। उपयोगकर्ताओं को कभी भी टेक्स्ट मैसेज या ईमेल पर दिए लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए या व्यक्तिगत या बैंकिंग जानकारी प्रदान नहीं करनी चाहिए।"

नैट ग्लूबिश, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन मंत्री

सरकार ने 18 जनवरी को अफोर्डेबिलिटी भुगतान के लिए एक सुरक्षित, ऑनलाइन आवेदन पोर्टल लॉन्च किया था। $180,000 से कम घरेलू आय वाले परिवार 18 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक आश्रित बच्चे के लिए छह महीने तक $100 प्रति माह प्राप्त करने के पात्र हैं। वरिष्ठ जन जो 65 वर्ष या अधिक उम्र के हैं और जिनकी घरेलू आय $180,000 से कम है और अल्बर्टा वरिष्ठ नागरिक लाभ प्राप्त नहीं करते हैं, वे भी मासिक भुगतान के लिए आवेदन कर सकते हैं।

ऑनलाइन आवेदन न कर सकने वाला कोई भी व्यक्ति किसी भी रजिस्ट्री एजेंट या अल्बर्टा सपोर्ट सेंटर के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से आवेदन कर सकता है।

जो अल्बर्टा वासी जो गंभीर विकलांगों के लिए सुनिश्चित आय (AISH), आय सहायता या अल्बर्टा सीनियर्स बेनिफिट" के माध्यम से या "विकासात्मक अक्षमताओं वाले व्यक्ति" (PDD) कार्यक्रम की सेवाओं के माध्यम से लाभ प्राप्त करते हैं, वे पहले से ही कार्यक्रम के लिए पंजीकृत हैं और स्वचालित रूप से भुगतान प्राप्त करेंगे।

वर्गीकरण: सार्वजनिक

त्वरित तथ्य

- अल्बर्टा वासियों को पोर्टल पर लॉग इन करके आवेदन करने या उनके अफोर्डेबिलिटी पेमेंट्स की स्थिति की जांच करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
- यदि आप कभी भी अनिश्चित हों या आपको लगे कि आप फ़िशिंग स्कैम के शिकार हो गए हैं, तो पुलिस और कनाडा के धोखाधड़ी-रोधी केंद्र को ऑनलाइन या 1-888-495-8501 पर कॉल करके अपनी चिंताओं की रिपोर्ट करें।
- पहचान की चोरी और उपभोक्ता संबंधी घोटालों को रोकने के लिए टिप शीट और अन्य संसाधन alberta.ca पर कस्टमर और बिजनेस टिप्स पेज पर देखे जा सकते हैं।
- अफोर्डेबिलिटी पेमेंट्स आवेदनों में मदद के लिए अल्बर्टा वासी:
    - सत्यापित खाता यानी वेरिफाइड अकाउंट सपोर्ट लाइन को 1-844-643-2789 पर कॉल कर सकते हैं।
    - अफोर्डेबिलिटी एक्शन प्लान इन्फॉर्मेशन लाइन को 1-844-644-9955 पर कॉल कर सकते हैं।
    - बिना किसी शुल्क के 50 स्थानों और 100 से अधिक भाषाओं में समर्थन प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत रूप से किसी भी रजिस्ट्री एजेंट या अल्बर्टा सपोर्ट्स सेंटर पर जा सकते हैं। आवेदन अवधि के दौरान, अल्बर्टा सपोर्ट्स सोमवार से शुक्रवार शाम 4:30 बजे से रात 8 बजे तक और शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक विस्तारित घंटे प्रदान कर रहा है।
- सभी ऑनलाइन खातों की तरह अल्बर्टा वासियों को मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना चाहिए तथा अपना पासवर्ड किसी और के साथ साझा नहीं करना चाहिए। मजबूत पासवर्ड बनाने के लिए टिप्स आवेदन साइट पर उपलब्ध हैं।
- इसे करने के तरीकों वाले वीडियो और सवालों के जवाब सहित अतिरिक्त जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है।

संबंधित जानकारी

- अफोर्डेबिलिटी पेमेंट्स के लिए आवेदन करें

मल्टीमीडिया

- स्कैमर्स से स्वयं का बचाव